इहलोक सुखी परलोक सुखी

सुख का साथी जगत सब । दुःख का नाही कोई ॥

दुःख का साथी साईयाँ । दादु सदगुरु होई ॥

जो शरण गुरु की आया । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

जिसने गुरु ज्ञान पचाया । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

१. रामयण में शिवजी कहते । भागवत में शुकदेवजी कहते ॥

गुरुवाणी में नानकजी कहते । जपो संत संग राम ॥

इहलोक सुखी परलोक ...

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

२. चिन्ता ओर भय सब मिट जाएँ । दुर्गुण दोष सभी छुट जाएँ ॥

चमके भाग्य सितारा । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

३. साँसो में हो नाम का सुमिरण । मन में हो गुरुदेव का चिन्तंन ॥

जिसने यह अपनाया । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

४. ब्रह्मज्ञानी साकार ब्रह्म हैं । इनका ना कोई बन्धन हैं ॥

सबको करें महान । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

५. कृपा तुम्हारी पा जाएँगे । जो सत्संग में आ जाएँगे ॥

हो जाए भवजल पार । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ

६. जो सन्तों की निन्दा करते । अपना ही वो वंश मिटाते ॥

जो संत शरण में आते । इहलोक सुखी परलोक सुखी ॥

हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ हरि ॐ मेरे राम मेरे राम मेरे राम मेरे राम

Send corrections to hariomgroup@gmail.com